की आवश्यकता होती है। एयर कूलर, रूम हीटर, चारकोल स्टोव, भींगी थैली या भीगी हुई रेत का उपयोग करते हुए कूलिंग, हीटिंग और आर्द्रता वाले उपकरणों का उपयोग कर आवश्यक तापमान और आर्द्रता बनाए रखे। हवा के आवागमन से रेशमकीट के शारीरिक तापमान को घटाने में मदद मिलती है।

**निर्मोचन के दौरान देखभाल–** निर्मोचन अवधि के दौरान पालन घर में खुली हवा और शुष्कता की स्थिति बनाये रखे। निर्मोचन के लिए कीड़ो के स्थिर होने के बाद बेड को धीरे से फैलाएँ तथा बेड को सूखा बनाए रखने के लिए बूझे हुए चूने के पाउडर का समान रूप से उपयोग करें। अत्यधिक उतार – चढ़ाव वाले तापमान और आर्द्रता तथा तेज़ हवा या अधिक प्रकाश का इस्तेमाल न करें। निर्मोचन से 95 प्रतिशत कीड़ो के बाहर आने के बाद भोजन दें।

**साफ – सफाई की व्यवस्था–** पालनघर में प्रवेश करने से पहले अपने हाथ – पैर अच्छी तरह धोएँ। हाथ – पैर को अम्लीय साबून से व स्वच्छ घोल में धोएँ (0.5 बूझे हुए चूने के घोल में 2 – 5 सैनिटेक/सेरिक्लोर या फिर 0.3 प्रतिशत बूझे हुए चूने में 2 प्रतिशत ब्लीचिंग पाऊडर) स्वच्छ घोल में हाथ धोएँ तथा रोगमुक्त कीडों को हटाने के बाद बेड की सफाई करें। हर दिन रोगग्रस्त कीड़ों को बेसिन में उठाएँ और चूने के पाउडर तथा ब्लीचिंग पाउडर का इस्तेमाल करें तथा इन्हें दूर जगह ले जाकर गाड़ दें या अग्नि में जला दें। रेशमकीट पालन के समय कक्ष को हवादार और साफ – सुथरा रखें।

**बेड रोगाणुमुक्तक का प्रयोग–** विज़ेता, विज़ेता ग्रीन एवं अंकुश आदि पाउडर रेशमकीट बीमारी से बचाने के लिए रेशमकीट के शरीर तथा पालन स्थान का रोगाणुनाशक है। उपयोग की पद्धति इस प्रकार है। पतले कपड़े में पाउडर ले और प्रत्येक निर्मोचन के बाद रेशमकीट पर 5 ग्राम/वर्ग फीट की दर से छिड़क दें। ऐसा बेड सफाई करने के चार दिन बाद तालिका में दर्शाये गये विधि के अनुरूप करें।

| छिड़काव का समय | रोगाणुनाशक | ग्राम/वर्ग फीट बेड क्षेत्रफल | 100 डीएलएफएस हेतु अपेक्षित मात्रा |
|---|---|---|---|
| तीसरे निर्मोचक के बाद व भोजन से पूर्व | विज़ेता /विज़ेता ग्रीन /अंकुश | 5 | 900 ग्राम |
| चौथे अंतर्रूप के तीसरे दिन | विज़ेता अनुपूरक (खाद्य) | 3 | 600 ग्राम |
| चौथे निर्मोचन के बाद भोजन देने से पूर्व | विज़ेता / विज़ेता ग्रीन/ अंकुश | 5 | 1200 ग्राम |
| पाँचवे अंतर्रूप के दूसरे दिन | विज़ेता अनुपूरक (खाद्य) | 3 | 1300 ग्राम |
| पाँचवे अंतर्रूप के चौथे दिन | विज़ेता/विज़ेता ग्रीन/ अंकुश | 5 | 3000 ग्राम |
| पाँचवें अंतर्रूप के 6ठे दिन | विज़ेता खाद्य | 3 | 1800 ग्राम |

नोट – बारिश व ठंड के मौसम में मसकार्डिन रोग के नियंत्रण हेतु विज़ेता अनुपूरक की सिफारिश की गई है।

- बरसात और ठंड के मौसम में यदि मसकार्डिन बीमारी उच्च हो तो इस पर नियंत्रण पाने के लिए विज़ेता अनुपूरक खाद्य की सिफारिश की गई है।
- निर्मोचन के समय या कीड़ो द्वारा मलबरी पत्ती खाते समय पाउडर का छिड़काव न करें।
- छिड़काव के बाद 30 मिनट तक रेशमकीट को आहार न दे।

**विकसित कीड़ो का आधार–** ऐसे उच्च स्तर वाले कोकुन प्राप्त करने के लिए समय पर रेशमकीट लार्वा का आधार अत्यंत आवश्यक है। सातवें दिन पर पाँचवें अंतर्रूप में रेशमकीट परिपक्वता की स्थिति में आता है। अतः पोषण देना बंद करे और कोकुन के निर्माण हेतु जगह ढूँढ़े। ऐसे लार्वा को तुरन्त पकड़े और अवलम्बक पर आधार दें। ध्यान यह रखा जाना चाहिए कि माऊंटेज़ (आधार) पर लार्वा की संख्या प्रत्येक आधार की क्षमता से अधिक नहीं होनी चाहिए। लार्वा जब कताई की अवस्था में हों तब कमरे का तापमान 24 डिग्री से. के आसपास होनी चाहिए और सापेक्ष आर्द्रता 60 – 70 प्रतिशत होनी चाहिए, साथ ही, उसमें खुली हवा की सुविधा होनी चाहिए।

बेहतर गुणवत्ता वाले कोकुन उत्पादन हेतु रोटरी आधार की सिफारिश की गई है। 100 डीएफएलएस के माऊंटिंग कीड़ों के लिए लगभग 35 सेट रोटरी माऊंटिंग (आधार) की आवश्यकता होती है। रोटरी माउंटिंग को लटकाने के लिए अलग से बरामदा की आवश्यकता होती है।

**कटाई एवं छँटाइ–**कोकुन फसल की छः दिन पर कटाई होती है। विकृत कोकुन को हटाएँ। खराब कोकुन की छँटनी के बाद गुणवत्ता के आधार पर उसका श्रेणीकरण करें। ठंड के मौसम में कटाई के लिए एक दिन अधिक का समय दे।

**विपणन–** कोकुन को बाजार दिन के ठंडे समय में सातवें दिन ले जाएँ। कोकुन को 30 – 40 किलो ग्राम क्षमता वाले नॉयलॉन बैग में रख कर ढ़ीले से बाँधनी चाहिए और उसे ऐसी गाड़ी में ले जाना चाहिए जिसमें उसे रखने के लिए शेल्फ या दराज़ बने हों।

**कोकुन उपज–** 100 डीएफएलएस से 60 – 70 कि. ग्रा. की औसत उपज होती है। एक साल में एक एकड़ मलबड़ी गार्डन में लगभग 700 – 900 किलो ग्राम कोकुन की फसल उगाई जा सकती है।